**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**03.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**सुक्खू**

प्रदेश की आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है और सरकार समय समय पर कर्मचारियों व पैंशनरों की देनदारियों को बिना किसी दबाव के अदा कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार ने 67 वर्ष से अधिक के पैंशनरों का एरियर जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, सरकार कर्मचारियों व पैंशनरों की सभी वकाया देनदारियों का भुगतान करेगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने चतुर्थ श्रेणी के सभी पैंशनरों की देनदारियां अदा कर दी हैं और वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत पैंशनरों के 55 फीसदी देनदारी भी दे दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बंद करके राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदा राहत के लिए 15 सौ करोड़ रूपए की घोषणा की थी लेकिन हिमाचल को अभी तक एक भी पैसा नहीं मिला है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज मालरोड़ शिमला स्थित सहकार सदन के नवीनीकरण कार्य का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस कार्य पर दो करोड़ 85 लाख रूपए खर्च होंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत इमारत की हर मंजिल को विशेष रूप से व्यवस्थित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकार भवन के नवीनीकरण का कार्य अगले वर्ष 15 जून तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बहुमंजिला इमारत का कायाकल्प कर इसे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और विधायक संजय अवस्थी व रामकुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यवाही**

शिमला में आयोजित हुए प्रदेश विधानसभा के 10 दिवसीय मॉनसून सत्र के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए एक हज़ार 9 सौ 8 विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही देखी इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात कर विधानसभा की कार्य प्रणाली व सत्र संचालन के बारे में जानकारी ली। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी छात्रों को विधानसभा की कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि हमारा देश व प्रदेश नियमानुसार लोकतांत्रिक प्रणाली से संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार चलता है। उन्होंने कहा कि आज के सभी युवा लोकतंत्र के प्रेहरी हैं और इस देश

की संसदीय प्रणाली को मजबूत करना युवाओं की जिम्मेदारी है। कुलदीप सिंह पठानिया ने सभी विद्यार्थियों से राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान भी किया।

**प्रधान विरोध**

16वें वित्त आयोग के तहत पेयजल योजनाओं के लिए पंचायतों को मिलने वाली धनराशि जल शक्ति विभाग को ट्रांसफर करने के प्रदेश सरकार के आदेशों का सिरमौर जिला के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने विरोध किया है। पांवटा साहिब विकासखंड की 22 पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने आज प्रधान संघ के बैनर तले नाहन में उपायुक्त के साथ बैठक कर चर्चा की। प्रधान संघ पाँवटा साहिब के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि पंचायतों में पेयजल योजनाओं के लिए मिलने वाली राशि का पैसा जन शक्ति विभाग को देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले का पंचायतों के विकास कार्यों पर असर पड़ रहा है।

प्रधान संघ ने मानसून की बारिश के दौरान पंचायतों में बारिश से हुए नुकसान की भरपाई के लिए भी जिला उपायुक्त से बजट उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है।

---